No. Estt/ 8997
H.P. Forest Department

Dated Mandi, the 22/10/19

From: C.F. Mandi

To: Pr. CCF (HoFF) HP Shimla

**Subject:** **Filling up of the vacant post of Forest Guards against direct quota on contract basis.**

Memo:

In continuation to this office endst. No. Estt/Fgd/Rec/2019/ 8923-34 dated 19.10.2019.

2 In this context, it submitted that the position of roster being maintained in this Circle for direct recruitment of Forest Guards has been ascertained in view of the Govt. of HP Department of Personnel vide Notification No. PER(AP)-C-B(12)-1/2019 dated 11.06.2019. The position of Economic Weaker Section (EWS) as per directions issued vide your office memo No. Ft.440-13/80(E.II) 2019 dated 21.10.2019 has been modified in the roster. In view of change in the position, the copy of revised advertisement for the recruitment of Forest Guards on contract basis is enclosed herewith for favour of kind information and necessary action.

Encl: As above

Sd/=
Chief Conservator of Forests,
Mandi Forest Circle, Mandi

Endst. No. Estt/Fgd/Rec./2019/ 8998-9011 Dated Mandi, the 22-10-19

**Copy alongwith copy of revised advertisement is forwarded to:-**

1. **The Director, Information and Public Relations, HP Shimla** for information and necessary action. The advertisement for the recruitment of Forest Guards on contract basis sent earlier vide this office letter No. Estt/Fgd/Rec/2019/8922 dated 19.10.2019 for publishing in the news papers has been modified **due to change in the position of roster being maintained in this Circle due to 10% reservation to the Economic Weaker Section as per Govt. of HP Notification No. PER(AP)-C-B(12)-1/2019 dated 11.06.2019.** The revised advertisement is enclosed herewith for for favour of information and necessary action. It is requested, to kindly publish the revised advertisement in the leading news papers by 23.10.2019 positively please.

2. District Public Relation officer, Mandi for information and necessary action. He is requested to publish the revised advertisement in the 2 leading news papers.
3. DFO Publicity, Shimla for getting advertisement broadcast through All India Radio, Shimla.
4. All DFOs in Mandi Forest Circle for displaying on the Notice Board.
5. Regional Employment Exchange Officer Mandi for information and necessary action.
6. Incharge Sub-Employment Exchanges Sunder Nagar, Sarkaghat, Gohar, Joginder Nagar and Karsog.

This is continuation to this office endst No. Estt/Fgd/Rec/2019/ 8923-34 dated 19.10.2019.

22/10

**Chief Conservator of Forests,**
**Mandi Forest Circle, Mandi**

22/10

Scanned by CamScanner

# सार्वजनिक सूचना

## वन विभाग हिमाचंल प्रदेश में वन रक्षकों की अनुबन्ध आधार पर भर्ती

## मण्डी वन वृत मण्डी ।

हिमाचंल प्रदेश वन विभाग के मण्डी वन वृत में वन रक्षकों के कुल 4 पदों को सीधी भर्ती द्वारा भरा जाना प्रस्तावित है। इन पदों को सरकार दवारा अनुमोदित भर्ती एवं पदोन्नति नियम के तहत अनुबन्ध आधार **(on contract basis)** पर (वेतनमान रू **5910-20200+GP 2000**) भरा जाना है। अनुबन्ध आधार पर प्रारम्भ में एक वर्ष के लिए भर्ती की जाएगी, जिसका वर्षानुवर्ष नवीकरण/अवधि विस्तार, वर्ष के दौरान सन्तोषजनक सेवा और आचरण सम्बन्धित मुख्य अरण्यपाल दवारा प्रमाणित करने के उपरान्त किया जाएगा। भरे जाने वाले पदों का श्रेणीबार ब्यौरा निम्न प्रकार से हैः–

| श्रेणी | अनारक्षित | भूतपूर्व सैनिक | गृह रक्षक | आई0आर0 डी0पी0 | स्वतन्त्रता सैनानियों के आश्रित | योग | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. सामान्य | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| 2. अनुसूचित जाति | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | |
| 3. अनुसूचित जनजाति | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 4. अन्य पिछड़ा वर्ग | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | |
| 5. आर्थिक कमजोर वर्ग (EWS) | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | |
| कुल | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 4 | |

नोटः– 1. भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अन्तर्गत उपरोक्त वन रक्षकों की अनुबन्ध आधार पर भर्ती, भूतपूर्व सैनिक रोजगार सैल (कार्यालय) हमीरपुर दवारा की जाएगी।

### पात्रता की शर्तेः–

1. उम्मीदवार का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है।
2. उम्मीदवार का नाम हिमाचल प्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय मे पंजीकृत/नवीनकृत **(Renewal)** होना अनिवार्य है।
3. उम्मीदवार की आयु 1 जनवरी 2019 को 18 वर्ष से कम और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

नोटः– अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी।

4. उम्मीदवार ने किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड/विश्वविद्यालय से दस जमा दो (10+2)की कक्षा या इसके समकक्ष परीक्षा उतीर्ण की होनी चाहिए।
5. उम्मीदवार को हिमाचल प्रदेश की रूढ़ियों, रीतियों और बोलियों का ज्ञान होना चाहिए और प्रदेश में विद्यमान विशिष्ट दशाओं में नियुक्ति के लिए उपयुक्त होना चाहिए।
6. न्यूनतम शारीरिक मापदण्डः–

| मापदण्ड | पुरूष | | महिला | | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| लम्बाई | 165 सैंटीमीटर | | 150 सैंटीमीटर | | अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों की बावत शारीरिक मानदण्ड लम्बाई में 5 सैंटीमीटर तक की छूट दी जाएगी। |
| छाती का माप | बिना फुलाए 79 सैंटीमीटर | फुलाकर 84 सैंटीमीटर | बिना फुलाए 74 सैंटीमीटर | फुलाकर 79 सैंटीमीटर | अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों को छाती को फुलाए बिना और फुलाकर प्रत्येक की बावत माप में 4 सैंटीमीटर की छूट दी जाएगी। |

### भर्ती प्रकियाः

1. जो उम्मीदवार उपरोक्त न्यूनतम शारीरिक मापदण्ड पूरे करते होगें, वे ही शारीरिक दक्षता परीक्षण के योग्य होगें, उसके उपरान्त उन्हें ही शारीरिक दक्षता परीक्षण में उतीर्ण होना अनिवार्य होगा।

शारीरिक दक्षता परीक्षण **(Physical Efficiency Test)** हेतु माप दण्डः–

| | पुरूष | | महिला | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दौड़ | दूरी | अधिकतम समय | दूरी | अधिकतम समय | नोटः इनमें केवल एक ही अवसर दिया जाएगा। |
| | 100 मीटर | 14 सैकेण्ड | 100 मीटर | 17 सैकेण्ड | |
| | 800 मीटर | 2 मिनट 45 सैं0 | 800 मीटर | 4 मिनट 15 सैं0 | |
| उंची कूद/लम्बी छलांग **(High/ Long Jump)**कम से कम | उंची कूद **(High Jump)** | लम्बी छलांग **(Long Jump)** | लम्बी छलांग **(High Jump)** | उंची कूद **(Long Jump)** | नोटः उंची कूद एवमं लम्बी छलांग के लिए उम्मीदवार को अधिकतम तीन अवसर दिये जाएगें। |
| | 1.25 मीटर | 4 मीटर | 100 सैंटीमीटर | 3 मीटर | |

2. जो उम्मीदवार शारीरिक दक्षता के सभी परीक्षणों में उतीर्ण होगें केवल उन्हें ही लिखित परीक्षा **(Written Test)** में बैठने का अवसर प्रदान किया जाएगा। लिखित परीक्षा में 85 **Objective Type** प्रश्न होंगें जिनके उतर हेतु 75 मिनट का समय दिया जाएगा। यह दस जमा दो कक्षा के स्तर या **equivalent standard** का होगा और इसमें भाषा, सामान्य विज्ञान व ज्ञान, प्रदेश के प्रति जानकारी तथा सामान्य जंगलों के प्रति जागरूकता, वातावरण एवमं वन्यप्राणी, **reasoning and aptitude**

Scanned by CamScanner

इत्यादि प्रश्न शामिल होंगें। उत्तर पुस्तिका पर इस्तेमाल करने हेतु प्रार्थी को नीली/काली स्याही का बॉल पैन व लिखने के लिए गत्ता लाना अनिवार्य होगा।

3. लिखित परीक्षा के परिणामों पर आधारित योग्यता सूचि **(Merit List)** के अनुसार उम्मीदवारों को मूल्यांकन हेतू बुलाया जाएगा, जिस बारे उन्हें पंजीकृत पत्र द्वारा अलग से सूचित किया जाएगा।

लिखित परीक्षा तथा मूल्यांकन के लिए निर्धारित अधिकत्तम अंको का विवरण निम्नलिखित हैः

| परीक्षण | निर्धारित अंक |
|---|---|
| लिखित परीक्षा | 85 |
| मूल्यांकन परीक्षण | 15 |
| योग | 100 |

आवेदक के लिए निर्दे ा :

**i.** इच्छुक उम्मीदवार आवेदन निर्धारित प्रपत्र, सफेद कागज पर स्वयं भर कर अरण्यपाल, वन वृत मण्डी, पुरानी मण्डी, हिमाचल प्रदेश, पिन कोड 175001 के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक व्यक्तिगत तौर पर या डाक द्वारा दिनांक 08.11.2019 सायं 5 बजे तक ऑफलाइन जमा करवा सकते है। निर्धारित अन्तिम तिथि के बाद डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगें।

**ii** आवेदक केवल एक ही प्रकार/ रूप में आवेदन कर सकता है। निर्धारित प्रपत्र पर डाक द्वारा/स्वंय मुख्य अरण्यपाल कार्यालय में भेज/जमा करवा सकता है या फिर वन विभाग की वैवसाईट पर आनलाईन आवेदन कर सकता है वन विभाग की यू0आर0एल0 **(Uniform Resource Locater)** यह है:– **www.hpforest.nic.in**. आवेदन केवल एक ही दशा में मान्य होगा। आनलाइन आवेदन के लिए विभागीय वैवसाइट दिनांक 24.10.2019 से 08.11.2019 तक ही खुली होगी। जनजातिय क्षेत्रों जैसे किन्नौर, पांगी, भरमौर, लाहौल व स्पिति और डोडरा व कवार क्षेत्रों के उम्मीदवारों के लिए प्रार्थना पत्र दिनांक 15.11.2019 सायं 5 बजे तक डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करवा सकते है।

**iii** इस विज्ञापन में छपे आवेदन पत्र को भली भान्ति पढ़ कर आवेदक अपने आयु, शौक्षिक अहर्ता, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति तथा पिछड़ा वर्ग (सामान्य वर्ग के अतिरिक्त), आई0 आर0 डी0 पी0 प्रमाण पत्रों, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड इत्यादि की सत्यापित छाया प्रतियो सहित अपने नवीनतम पासपोर्ट आकार की चार फोटो प्रतियां आवेदन पत्र के साथ अवश्य लगायें।

**iv** शारीरिक मापदण्ड तथा शारीरिक दक्षता परीक्षण तिथि एवं स्थान के बारे आवेदकों को अलग से सूचित किया जाएगा।

**v** यदि कोई आवेदक शारीरिक जांच, शारीरिक दक्षता परीक्षण, लिखित परीक्षा व मूल्यांकन परीक्षण के लिए निर्धारित तिथि, समय एवमं स्थान पर उपस्थित नहीं होता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द समझी जाएगी।

**vi** दो खाली लिफाफों जिन पर प्रार्थी का नाम एवमं पता लिखा हुआ हो व पांच रू0 की एक डाक टिकट प्रत्येक लिफाफे पर लगी हो सलंग्ति करें ताकि शारीरिक दक्षता परीक्षण और लिखित परीक्षा की तारीख के बारे चयनित प्रार्थी को सूचित किया जा सके।

**vii** उम्मीदवार अन्य विस्तृत जानकारी हेतू हिमाचल प्रदेश की **website hpforest.nic.in** से या वन वृत कार्यालय मण्डी से भी प्राप्त कर सकते है।

नोट : हिमाचल प्रदेश सरकार बिना कोई कारण बताये व बिना शर्त इस चयन प्रक्रिया को समाप्त करने तथा पदों की संख्या में बदलाव का अधिकार रखती है।

वन वृत मण्डी दूरभाश न0: -- 01905--235447, 235379

उपासना 22/10/2019

मुख्य अरण्यपाल
मण्डी वन वृत मण्डी।
175001

Scanned by CamScanner

15

आवेदक अपना नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो चिपकाएं एवं हस्ताक्षर करें।

फार्म न0.....................
(केवल कार्यालय प्रयोग के लिए)

वन विभाग, हिमाचल प्रदेश
अनुबन्ध के आधार पर वन रक्षक की भर्ती के लिए आवेदन पत्र–2019
भाग–क

(वन वृत का नाम) (आवेदक का विवरण)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम | |
| 2. | पिता/पति का नाम | |
| 3. | स्थाई पता | ..................................................................<br>.................................................................. |
| 4. | (क) पत्राचार हेतू पता<br>(ख) दूरभाष/मोबाईल न0/ई.मेल/ | .................................................................. |
| 5. | पहचान चिन्ह | |
| 6 | आवेदक किस श्रेणी से सम्बन्ध रखता है:<br>(क) साधारण/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/पिछड़ा वर्ग<br>(ख) आई.आर.डी.पी./स्वतन्त्रता सैनानियों के बच्चे/पौत्र/पौत्री/प्रतिष्ठित खिलाड़ी इत्यादि।<br>(सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियां संलग्न करें।) | (क)........................<br>(लागू श्रेणी का नाम)<br>(ख)........................<br>(लागू श्रेणी का नाम) |
| 7 | जन्म तिथी (दसवीं प्रमाण पत्र के अनुसार)<br>आयु दिनांक 01.01.2019<br>(क) अंको में<br>(ख) शब्दों में<br>(प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतियां संलग्न करें) | तिथी माह वर्ष<br>.................................... |
| 8 | शैक्षणिक योग्यता<br>1.दसवीं<br>2.बारहवीं<br>3.बी.ए./बी.एस.सी./बी कॉम<br>4. एम.ए./एम.एस.सी./एम कॉम<br>5.अन्य<br>(प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतियां संलग्न करें) | पास वर्ष, प्राप्त अंक प्रतिशत लिखें<br>....................................<br>....................................<br>....................................<br>....................................<br>.................................... |
| 9 | (क) रोजगार/ उपरोजगार कार्यालय का नाम एवं पता<br>(ख) पंजीकरण संख्या<br>(प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतियां संलग्न करें) | ....................................<br>.................................... |

मैं सत्यापित करता/करती हूँ कि मैं वन रक्षक के पद की समस्त शर्तो एवं योग्यता को पूरा करता/करती हूँ। मेरी जानकारी के अनुसार उपरोक्त दी गई सभी सूचना सही और विश्वसनीय है और यह कि मैंने हिमाचल प्रदेश के किसी अन्य वृत में वन रक्षक की भर्ती के लिए आवेदन नहीं किया है।

मैं समझता/समझती हूं कि यदि कोई उपरोक्त तथ्य गलत पाएं जाते हैं तो मेरा/मेरी उम्मीदवारी आयोग्य घोषित की जा सकती है एवं/अथवा किसी भी स्तर पर मेरे विरूद्व कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।

दिनांक.....................

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

Scanned by CamScanner